भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या:2267

दिनांक 31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

उत्तर प्रदेश में नए एम्स के निर्माण की गुणवत्ता

2267. सुश्री इकरा चौधरी:
श्री देवेश शाक्य:
श्री बाबू सिंह कुशवाहा:
श्री नीरज मौर्य:
श्री लालजी वर्मा:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर प्रदेश में अनुमोदित नए एम्स और सुपर स्पेशियलिटी संस्थानों के निर्माण की गुणवत्ता की जांच करने के लिए सरकार द्वारा क्या मानक निर्धारित किए गए हैं;

(ख) क्या सरकार के पास इन प्रमुख अस्पतालों के आस-पास भेषज उद्योग और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कोई समयबद्ध योजना है;

(ग) क्या यह सच है कि प्रशासनिक नीति में उतार-चढ़ाव के कारण स्वास्थ्य परियोजनाओं को पूरा करने में विलंब हो रहा है जिससे निर्माण लागत में वृद्धि हो रही है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने आम आदमी के जेब से होने वाले चिकित्सा व्यय को कम करने के लिए चिकित्सा अवसंरचना में उक्त निवेश की प्रभावकारिता के संबंध में कोई जमीनी आकलन किया है; और

(ङ) क्या सरकार का एम्स ऋषिकेश में एक स्वतंत्र अंग प्रत्यारोपण विभाग स्थापित करने का विचार है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत परियोजनाओं के निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए, रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विसेज (आरआईटीईईएस) और सर्टिफिकेशन इंजीनियर्स इंटरनेशनल लिमिटेड (सीईआईएल) जैसी तृतीय-पक्ष गुणवत्ता आश्वासन (टीपीक्यूए) एजेंसियों को मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार नियुक्त किया गया है।

(ख) नए एम्स से इसके समीप के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है।

(ग) परियोजनाओं का पूरा होना राज्य सरकार द्वारा ऋणमुक्त भूमि के हस्तांतरण, विनियामक मंजूरी और स्थान-विशिष्ट मुद्दों सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

(घ) पीएमएसएसवाई के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश राज्य में रायबरेली और गोरखपुर में एम्स की स्थापना की गई है। दोनों संस्थान शिक्षण, अधिगम एवं अनुसंधान, आईपीडी/ओपीडी सुविधाकेंद्रों, आपातकालीन एवं ट्रामा, नैदानिक सुविधाएं, विभिन्न विशिष्ट एवं सुपर-स्पेशिलिटी विभाग, अमृत फार्मेसी, जन औषधि केंद्र आदि सुविधाओं के साथ कार्यशील हैं। एम्स किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली निवारक, प्रोत्साहक, उपचारात्मक और पुनर्वास संबंधी स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएं प्रदान करता है, जिससे जेब से होने वाले खर्च को कम करने में मदद मिलती है।

(ङ) एम्स, ऋषिकेश ने किडनी और लीवर प्रत्यारोपण शुरू किया है और अभी तक 22 किडनी प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं।

*****